दिनांकः 21.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- आम चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश में स्टार प्रचारकों की जनसभाओं और रोड़ शो का सिलसिला जारी–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बांसवाड़ा और भीनमाल में करेंगे चुनावी सभा।
- राज्य में 13 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों की मुख्य चुनाव अधिकारी ने वीसी के जरिये की समीक्षा।
- झालावाड़ के अकलेरा में सड़क हादसे में नौ लोगों की मृत्यू–दूदू में हुई दुर्घटना में चार लोगों की मौत।
- महावीर जयंती के पर्व पर देशभर में विभिन्न आयोजन–करौली के श्रीमहावीरजी में जन्म कल्याणक महोत्सव की धूम।

----------

आम चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की जनसभाओं और रोड़ शो का सिलसिला लगातार जारी है। सभी नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने की हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे बांसवाड़ा और भीनमाल में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। और ब्यौरा हमारे बांसवाड़ा संवाददाता से –

----------

इसके बाद श्री मोदी का भीनमाल में जालौर–सिरोही लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में सभा करने का कार्यक्रम है।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल बालोतरा के नाकोड़ा में भाजपा पदाधिकारियों की सभा को संबोधित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजसमंद में चुनावी रैली की। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने छीपाबड़ौद में उर्मिला जैन भाया और बूंदी में प्रहलाद गुंजल के लिए समर्थन मांगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवना बावजी और उदयपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। आम चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

----------

प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के मद्देनज़र 13 लोकसभा क्षेत्रों में की गयी तैयारियों की कल समीक्षा की गयी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ये बैठक की। उन्होंने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों अपने–अपने क्षेत्र में मदतान से 75 घंटे पहले की एसओपी की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री गुप्ता ने वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने की जरूरत पर ज़ोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अंतिम 72 घंटे के दौरान अंतरराज्यीय सीमा को सील करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए।

----------

प्रदेश में अब तक विभिन्न सतर्कता एजेंसियों की ओर से 790 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की जा चुकी है। 16 मार्च से लागू आचार संहिता की अवधि में अब तक सात जिलों में जब्ती का आंकड़ा तीस–तीस करोड़ रुपये के पार कर गया है। वहीं 13 जिलों से बीस–बीस करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी, शराब, मादक पदार्थ सहित अन्य कीमती वस्तुएं पकड़ी जा चुकी हैं। सबसे ज्यादा 37 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती चूरू जिले में हुई है। ये जब्ती 2019 में हुए चुनाव की आचार संहिता की 34 दिन की अवधि के मुकाबले 1 हजार 540 प्रतिशत अधिक है।

----------

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की बारह सीटों पर 58 दशमलव दो आठ प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन चुनावों में 2019 में हुए पिछले चुनाव के मुकाबले महिला और पुरूषों मतदाताओं के वोटिंग प्रतिशत में अंतर कम हुआ है।

----------

मतदाता जागरुकता के लिए मनाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत आज पीले रंग की छटा बिखरी हुई है। ''मताधिकार का प्रयोग करेंगे–वोट करेंगे वोट करेंगे'' नारे के साथ वोटर रैलियां और फ्लैश मॉब आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत बाड़मेर में युवा और शहर क्षेत्र के मतदाताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। वहीं आओ बूथ चलें अभियान के तहत आज मतदान केन्द्रों पर वोटर स्लिप और गाइड का वितरण किया जाएगा।

----------

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल कर रहे हैं। लीजिये सुनिये जयपुर से हमारे श्रोता नूर मोहम्मद का संदेश।

-----------

झालावाड़ जिले में अकलेरा क्षेत्र में पाचोला गांव के पास देर रात एक वैन और ट्रोले की टक्कर में नौ लोगों की मृत्यू हो गयी और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीन लोगों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं छह की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी।

-----------

वहीं जयपुर के दूदू में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर कल शाम एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। ये हादसा ट्रक, कार और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुआ। इसमें कार सवार तीन लोगों और एक मोटरसाइकिल सवार सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक उदयपुर, निम्बाहेड़ा और दूदू के रहने वाले थे।

----------

आज महावीर जयंती है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर देशभर में विभिन्न आयोजन होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भगवान महावीर अहिंसा और करूणा के प्रतीक हैं। सभी को उनकी शिक्षाओं के प्रसार का प्रण लेना चाहिए। महावीर जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 2 हजार 550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करने के साथ ही सभा को संबोधित भी करेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए भगवान महावीर के दिखाए सत्य, अहिंसा, संयम और अपरिगृह के मार्ग पर चलने की बात कही है। प्रदेशभर में भगवान महावीर स्वामी के 2 हजार 623वें जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि महोत्सव में भाग लेने के लिए देशभर से श्रद्धालु जुट रहे हैं।

------------

बीकानेर में भी जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती के मौके पर अहिंसा रैली निकाली गयी और सामयिक, उपवास और नवकार मंत्र जाप सहित कई कार्यक्रम हो रहे हैं।

----------